**OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR**

**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** ☎9893076404


# Webinar on the topic Nature and Environment in Indian Thought

## (22nd April 2021 National)



**OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR**
**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**
Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** 9893076404

# विश्व वसुंधरा दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार

## शीर्षक – 'भारतीय चिंतन में प्रकृति और पर्यावरण'

**22 अप्रैल 2021**

## प्रतिवेदन

22 अप्रैल 2021 को विश्व वसुंधरा दिवस के अवसर पर **"भारतीय चिंतन में प्रकृति और पर्यावरण"** विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया । इस राष्ट्रीय वेबीनार में मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिष्ठित अंतरिक्ष एवं खगोल वैज्ञानिक डॉ अमिताभ पांडे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर ईश्वर से 'दोस्त' वरिष्ठ फेलो ।CSSR से उपस्थित रहे । इस वेबीनार के संरक्षक एवं संयोजक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परमानंद तिवारी रहे । साथ ही वेबीनार के आयोजन में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी एवं वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ जे.के. संत ,जैतहरी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एस. वाटे, पुष्पराजगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. पी.शार्मे सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गणों का योगदान रहा ।

कार्यक्रम का संचालन गणित विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय ने किया तथा कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक ज्ञान प्रकाश पाण्डेय ने किया ।

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

# OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR

**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** ☎ 9893076404


**News Paper cutting**

# मानव सभ्यता को बचाने के लिए प्रकृति का संरक्षण आवश्यकः डॉ. अमिताभ पाण्डेय



**संवाददाता अविनाश दुबे**

**अनूपपुर।** शासकीय अग्रणी तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर द्वारा 22 अप्रैल 2021 को विश्व वसुंधरा दिवस के अवसर पर 'भारतीय चिंतन में प्रकृति और पर्यावरण' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित ख्यातिलब्ध अंतरिक्ष एवं खगोल वैज्ञानिक डॉ. अमिताभ पाण्डेय ने उक्त विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार पृथ्वी की उत्पत्ति आज से लगभग साढ़े चार अरब वर्ष पूर्व हुई और धीरे-धीरे विभिन्न जीवों का विकास हुआ। मानव जीवन भी उद्विकास के विभिन्न चरणों से गुजरते हुए वर्तमान अवस्था तक पहुँचा। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट वक्ता उपस्थित डॉ. ईश्वर सिंह 'दोस्त' वरिष्ठ फेलो आई.सी.एस.एस.आर. ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापन जैसे अत्यंत संवेदनशील चुनौतियों से निपटने के लिए गम्भीर एवं वास्तविक प्रयास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संतुलित विकास के लिए आवश्यक है कि प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के मध्य समन्वय और संवाद स्थापित किया जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इस वेबिनार के संरक्षक और संयोजक डॉ. परमानन्द तिवारी, प्राचार्य शासकीय तुलसी महाविद्यालय ने सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि 'प्रकृति पूजा' एवं 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना भारतीय संस्कृति की मूल चरित्र है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय, सहायक प्राध्यापक, गणित ने किया एवं अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन और आभार प्रदर्शन ज्ञान प्रकाश पाण्डेय ने किया तथा प्रो. शाहवाज़ खान तकनीकी विशेषज्ञ रहे। वेबिनार के आयोजन में डॉ. जे के संत, डॉ. आर.एस. बाटे, डॉ. टी. पी शारमें, डॉ. तबस्सुम सरवत, डॉ. देवेंद्र तिवारी, डॉ. मनीष शुक्ला, प्रो. विनोद कोल, प्रो. कृष्णचंद्र सोनी का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं के प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएं एवं प्रकृति प्रेमियों ने प्रतिभागिता की।

## वर्तमान में प्रभावशील टोटल कोरोना कर्फ्यू में मिली विभिन्न सेवाओं में छूट

**संवाददाता अविनाश दुबे**

**अनूपपुर।** जिला मजिस्ट्रेट श्री चन्द्रमोहन ठाकुर ने कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव को दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान में जिले में प्रभावशील टोटल कोरोना कर्फ्यू में अतिरिक्त सेवाओं में छूट प्रदान की है। जिला दण्डाधिकारी के आदेश के मुताबिक जिले में संचालित समस्त बीएसएनएल कार्यालय मैदानी अमले सहित, जिले में संचालित समस्त बैंक कार्यालय/अधिकारी एवं कर्मचारी तथा एटीएम मशीन, रेलवे विभाग के कार्यालय/अधिकारी एवं कर्मचारी/समस्त कार्य, जिले में संचालित समस्त मीडिया/अखबार कार्यालय/कर्मचारी तथा मैदानी अमला, उपार्जन से संबंधित खाद्य विभाग/नागरिक आपूर्ति निगम विभाग एवं वेयरहाउस विभाग के कार्यालय/समस्त कर्मचारी एवं मैदानी अमले को छूट प्रदान की गई है। इसके साथ ही जिले में संचालित समस्त एल.पी.जी. गैस के संचालक, एल.पी.जी. गैस का वितरण होम डिलिवरी के माध्यम से अब प्रातः 6:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कर सकेंगे। स्वास्थ्य विभाग-ऑक्सीजन गैस प्लांट/सड़क निर्माण विभाग एवं विद्युत विभाग के समस्त निर्माण कार्य अपने मैदानी अमले सहित पूरी क्षमता के साथ कार्य कर सकेंगे। 20 अप्रैल 2021 को जारी टोटल कर्फ्यू आदेश की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।



## पूर्व विधायक ने सौंपी अपनी नि

**आर्यावर्त समाचार अनूपपुर**

**अनूपपुर।** कोतमा कोरोना महामारी के जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों के द ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था में जुट कुमार अग्रवाल के द्वारा अपनी निजी कलेक्टर चंद्रमोहन ठाकुर से आग्रह कोतमा ऋषि सिंघई के माध्यम से जिला कि मेरे क्षेत्र के लोगों को इस महामारी सुविधा मिल सके, जिससे मरीज को स एंबुलेंस जो आज दिनांक तक क्षेत्र के लो माध्यम से आम जनता की सेवा हेतु लायक जो भी सहयोग होगा मैं आधी परिवार ने हमेशा से ही क्षेत्र की स्वास्थ्य

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)